साप्ताहिक

बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | R. No.: **MAH-HIN-10169**

वर्ष : 2 | अंक : 50 | गोंदिया : गुरुवार, 21 से 27 जुलाई 2022 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : रु. 5

बाढ़ की परिस्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन तैयार - जिलाधिकारी नयना गुंडे

बाढ़ संभावित ग्रामों का निरीक्षण कर गोंदिया व तिरोड़ा तहसील के नागरिकों से साधा संवाद

बुलंद गोंदिया - राज्य में मानसून के दौरान मूसलाधार बारिश के कारण बाढ़ जैसी स्थिति राज्य के अनेक जिलों में निर्माण हो गई है। इस मानसून के दौरान बाढ़ की स्थिति निर्माण होने पर उससे निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है ऐसी जानकारी जिलाधिकारी नयना गुंडे द्वारा गोंदिया व तिरोड़ा तहसील के संभावित बाढ़ ग्रस्त गांव के निरीक्षण के दौरान कहा।

गौरतलब है कि मानसून के दौरान अतिवृष्टि होने पर गोंदिया जिले में 96 ग्रामों में बाढ़ की संभावना अधिक बनी रहती है। तथा गत कुछ दिनों में जिले में बारिश ने अपनी उपस्थिति भारी दर्ज कराई है। गत सप्ताह गोंदिया जिले में अतिवृष्टि भी दर्ज की गई है जिसके चलते जिलाधिकारी नयना गुंडे द्वारा संभावित बाढ़ ग्रस्त ग्रामों की भौगोलिक स्थिति को जानने के लिए गोंदिया व तिरोड़ा तहसील के रजेगांव, बिरसोला, कासा, काटी, किडंगीपर, ढीवरटोला के ग्रामों में भेंट देकर स्थानीय नागरिकों से संवाद सांधा तथा इस वर्ष आई बाढ़ की स्थिति व नियोजन तथा भौगोलिक परिस्थिति का निरीक्षण किया। जिले में वर्ष 2020 में अगस्त महीने में गोंदिया व तिरोड़ा तहसीलों में बाढ़ की स्थिति निर्माण हुई थी। इस बाढ़ की स्थिति के चलते किसानों के घर मवेशियों के गोठे, मवेशियों व कृषि फसल का भारी नुकसान हुआ था। इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए जिलाधिकारी नयना गुंडे द्वारा संभावित बाढ़ ग्रस्त ग्रामों का दौरा कर वहां की भौगोलिक स्थिति का जायजा लिया तथा बाढ़ की स्थिति निर्माण होने पर खोज व बचाव का कार्य किए जाने के लिए प्रशासन द्वारा की गई उपाय योजना उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों से ली। वैनगंगा व बाघ नदी के किनारे पर स्थित ग्रामों के निचले क्षेत्रों के घरों में बाढ़ के पानी से होने वाले नुकसान तथा समय पर शासन द्वारा तत्काल मदद उपलब्ध कराए जाने के लिए बोट व मनुष्य बल की भरपूर व्यवस्था आदि के संदर्भ में विस्तृत जानकारी ली तथा इस अवसर पर उपस्थित ग्रामवासियों से संवाद किया।

उपरोक्त क्षेत्रों में जहां पुल नहीं है वह मार्गो की ऊंचाई कम है जिसके चलते बाढ़ की स्थिति निर्माण होने पर ग्रामों का संपर्क कट जाता है इसलिए उपरोक्त मार्गो की ऊंचाई बढ़ाने व नए पुलों का निर्माण करने के लिए ग्राम वासियों द्वारा निवेदन किया गया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार गोंदिया संतोष खांडरे, अपर तहसीलदार अनिल खड़तकर, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी राजन चौबे, कार्यकारी अभियंता राज कुरेकार, बाढ़ नियंत्रण अधिकारी महेश भंडारकर, अभिषेक यादव, इंजीनियर जयंत तिराले प्रमुख रुप से उपस्थित थे। साथ ही संबंधित ग्रामों के सरपंच, उपसरपंच, मंडल अधिकारी, पटवारी, पुलिस पाटिल, कोतवाल जिला आपदा बल के कर्मचारी तथा गोंदिया व तिरोड़ा तहसील के बाढ़ ग्रस्त ग्रामों के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

जिलाधिकारी नयना गुंडे से नागरिकों से किया आव्हान आपदा के समय जिला प्रशासन नागरिकों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। आपदा के दौरान प्रशासन और

नागरिकों को एक दूसरे के साथ समन्वय स्थापित करना चाहिए और बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए एक साथ आना चाहिए। वर्तमान में बांधों, जलाशयों आदि में जलस्तर बढ़ रहा है और नदी किनारे के गांवों में पानी छोड़े जाने से संभावित बाढ़ की स्थिति से इंकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि जिले में आज बाढ़ की स्थिति नहीं है। लेकिन वर्तमान में बांधों, जलाशयों, झीलों, नदियों, नालों आदि में जल स्तर बढ़ गया है। साथ ही इस स्थान पर सेल्फी के लालच से बचना चाहिए और पानी में बोटिंग करते समय लाइफ जैकेट का इस्तेमाल करना चाहिए और लोगों को क्षमता से अधिक नाव में नहीं बैठना चाहिए। कलेक्टर नयना गुंडे ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि जब पानी बह रहा हो तो नागरिक पुल को पार करने की कोशिश न करें और विशेष सावधानी बरतें।

बाढ़ से प्रभावित गांव के नागरिक बरतें सतर्कता - जिलाधिकारी

बुलंद गोंदिया - गोंदिया जिले में गत दिनों से निरंतर हो रही बारिश व अतिवृष्टि तथा भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए ऑरेंज अलर्ट के मद्देनजर जिले के नदी के किनारों के ग्रामों व बाढ़ प्रभावित ग्रामों के नागरिकों को तथा जिला प्रशासन व जिला आपदा व्यवस्थापन को सतर्कता व सावधानी बरतने का निर्देश जिलाधिकारी नयना गुंडे द्वारा दिया गया है।

गौरतलब है कि जिले में सब और बारिश शुरु है। जिससे नदी के किनारे व बाढ़ ग्रस्त 96 ग्रामो के नागरिकों को सावधानी बरतने को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। साथ ही इस दौरान समय-समय पर आपदा संबंधित जानकारी तहसीलदारों द्वारा ग्रामीणों तक पहुंचाये, आवश्यक कार्यों के अलावा नागरिको को यात्रा करने से बचना चाहिए तथा बारिश की स्थिति में पुलों पर से वाहनों को ले जाते समय भी बचना चाहिए। जिले में आपदा की स्थिति से बचाव के लिए जिला आपदा प्रबंधन कक्षा निरंतर कार्य कर रहा है। साथ ही नदी किनारे के ग्रामों में बाढ़ की स्थिति निर्माण होने पर ग्रामीणों को समय-समय पर तहसीलदार द्वारा पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम के माध्यम से सूचित करें। इटियाडोह व संजय सरोवर परिसर में निरंतर हो रही बारिश के कारण प्रत्येक 3 घंटों में जिला आपदा प्रबंधन द्वारा जलस्तर की जानकारी प्राप्त कर रहा है। उसीके अनुसार जिले में सभी क्रियान्वित एजेंसियों को सतर्क व संपर्क में रहना चाहिए।

अफवाहों पर न करें विश्वास

आपदा के किसी भी प्रकार के संबंध में किसी भी सूचना तत्काल जिला आपदा प्रबंधन विभाग को दी जानी चाहिए तथा नागरिकों द्वारा बाढ़ आपदा के बारे में अफवाहों पर विश्वास नहीं करना चाहिए। किसी ने भी इस प्रकार की झूठी अफवाह नहीं फैलाना चाहिए। आपदा की स्थिति में अधिक जानकारी के लिए जिला आपदा प्रबंधन विभाग के 07182 230196 नंबर पर संपर्क करें।

नाले में बहे चारों युवकों के शव दूसरे दिन मिले

जिले में घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए पालक व प्रशासन बरते सावधानी - जिलाधिकारी नयना गुंडे

बुलंद गोंदिया - गोंदिया जिले में हो रही मूसलाधार बारिश के चलते सभी नाले उफान पर पहुंच चुके थे। जिसके चलते 13 जुलाई को जिले मे दो अलग-अलग स्थानों में घटित हुई घटना में चार युवक नाले में बह गए थे। जिनकी तलाश जिला आपदा प्रबंधन विभाग व गोंदिया अग्निशमन दल द्वारा निरंतर जारी रखी गई। दूसरे दिन 14 जुलाई को उन चारों के शव बरामद हुए। उपरोक्त खोज अभियान में आपदा प्रबंधन विभाग के दल ने विशेष महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिले में इस प्रकार की घटना होने पर इसकी पुनरावृत्ति न हो इसके लिए सभी पालक व जिला प्रशासन को सावधानी बरतने का आव्हान जिलाधिकारी नयना गुंडे द्वारा किया गया।

गौरतलब है कि 13 जुलाई को जिले के दो अलग-अलग स्थानों पर उफनते नाले में बहने की घटना घटित होने पर चार युवक बह गए थे। उपरोक्त घटना के पश्चात जिलाधिकारी नयना गुंडे व पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे के मार्गदर्शन में जिला आपदा प्रबंधन विभाग के खोज व बचाव पथक तथा गोंदिया नगर परिषद के अग्निशमन विभाग के संयुक्त पथक का निर्माण तैयार कर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। जिसमें दूसरे दिन दल को सफलता मिली व चारों युवको के शव बहते नाले में से निकाले गए।

उपरोक्त दुर्घटना में पहली घटना में तुमखेड़ा खुर्द लोधीटोला के दो कृषि मजदूर आशिष धर्मराज बागड़े (23) व संजू प्रमोद बागड़े (25) निवासी पुजारीटोला / लोधीटोला तथा गोंदिया शहर पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले गौतम नगर पिंडकेपार चौथा नाला में नहाने के लिए गए गौतम नगर निवासी जावेद अली हजरत अली सैयद व बाबा उर्फ रेहान कलीम शेख (15) की नाले में बह कर मौत हो गई थी। इस खोज अभियान में जिला आपदा प्रबंधन विभाग व गोंदिया नगर परिषद अग्निशमन विभाग के दल के नरेश उईके, राजकुमार खोटेले, जसवंत रहांगडाले, रविंद्र भांडारकर, संदीप कराडे, दिनू दिप, राजाराम गायकवाड, महेंद्र ताजने, दुर्गप्रसाद गगंगापारी, (चालक) मंगेश डोये, गृहरक्षक इंद्रकुमार बिसेन, चुन्नीलाल मुटकुरे, चिंतामण गिऱ्हेपुंजे, गिरधारी पतैह, जबराम चिखलोंढे किसी भी आपदा की घटना पर तुरंत प्रतिक्रिया देते हैं।

इसी तरह टीम बी के सदस्य अग्निशमन अधिकारी लोकचंद भेंडारकर, छबिलाल पटले, जितेंद्र गौर, महेंद्र बाने, सत्यम बिसेन, शहबाज सैयद, राजेंद्र पटले, मुकेश ढाकेर, सुमित बिसेन, राहुल नागपुरे, आमिर खान, दुर्गेश तेलासे, अजय रहांगडाले, अंश चौरसिया, शुभम दास, मनीष रहांगडाले, शुभम ढेकवार मुकेश माने ने योगदान दिया तथा वे हमेशा अलर्ट मोड पर रहते हैं।

बिजली गिरने से मृतकों के परिवार को धनादेश वितरित

बुलंद गोंदिया - तिरोड़ा-गोरेगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली गोरेगांव तहसील मे 13 मई व 23 जून को बिजली गिरने की घटना में तीन लोगों की आकस्मिक मौत हो गई थी। जिसमें पीड़ित परिवारों को 16 जुलाई को तहसील कार्यालय में विधायक विजय रहांगडाले के हस्ते प्राकृतिक आपदा के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाली सहायता राशि के धनादेश वितरित किए गए।

गौरतलब है कि गोरेगांव तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम गनखैरा, घोटी व बोळुंदा में 13 मई व 23 जून को आसमानी बिजली गिरने की घटना घटीत हुई थी। इस घटना में जोशीराम ऊईके (54) बोळुंदा, रामेश्वर अनंतराम ठाकरे (52) घोटी व सूरतलाल जोशीराम पारधी (60) गणखैरा की मौत हो गई थी। घटना के पश्चात राज्य प्राकृतिक आपदा के अंतर्गत राज्य शासन द्वारा प्रत्येक मृतक के परिवारों को 4 लाख रुपये का धनादेश विधायक विजय रहांगडाले हस्ते गोरेगांव तहसील कार्यालय में वितरित किया गया। बिजली गिरने की घटना घटित होने के पश्चात राज्य शासन को तहसीलदार सचिन गोस्वामी द्वारा प्रस्ताव भेजा गया था, जिसके तहत उपरोक्त निधी मंजूर हुई। धनादेश वितरण के समय विधायक विजय रहांगडाले, तहसीलदार सचिन गोस्वामी, नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष आशीष बारेवार, हिरालाल रहांगडाले, रेवेंद्र बिसेन तथा पटवारी अरविंद डहाट, दिलीप कटरे आदि उपस्थित थे।

श्रीनगर मालवीय स्कूल परिसर में पहुंचा जंगली सूअर

पूर्व पार्षद निर्मला मिश्रा ने वन विभाग को दी सूचना

बुलंद गोंदिया - गोंदिया जिला सघन वन क्षेत्रों से परिपूर्ण होने तथा शहर से कुछ ही किलोमीटर के अंतर पर संरक्षित वन होने से वनों में जंगली सूअरों की बढ़ती संख्या अब शहरी नागरिकों के लिए घातक साबित हो रही है। जिससे वन क्षेत्र से लगे श्रीनगर, बाजपाई वार्ड, मोक्षधाम, गौतम नगर परिसर में जंगली सूअर आए दिन दिखाई दे रहे हैं। इसी के चलते 13 जुलाई की रात शहर के श्रीनगर मालवीय स्कूल प्रभाग क्रमांक 17 के परिसर में एक बड़ा जंगली सूअर दिखाई दिया। जिसकी जानकारी पूर्व पार्षद निर्मला दिलीप मिश्रा द्वारा वन विभाग को दी। जानकारी प्राप्त होते ही वन विभाग का रेस्क्यू दल घटनास्थल पर पहुंचा। लेकिन तब तक जंगली सूअर परिसर से भाग चुका था। जिसके चलते वन विभाग के रेस्क्यू दल को जंगली सूअर नहीं मिल पाया।

उल्लेखनीय है कि गत 15 से 20 दिनों पूर्व मोक्षधाम परिसर में गौतम नगर निवासी सोनझारी समाज की एक महिला व पुरुष पर जंगली सूअर द्वारा हमला कर गंभीर रुप से जख्मी कर दिया था। इसके साथ ही श्रीनगर निवासी एक महिला जो कार्य के लिए आबेडकर स्कूल परिसर में गई थी तो उसे भी वहां पर एक जंगली सूअर द्वारा हमला कर जख्मी कर दिया था। आए दिन इस क्षेत्र के नागरिकों पर जंगली सुअर के हमले बढ़ रहे हैं। वन क्षेत्र से लगे क्षेत्रों में जंगली सूअर आने व नागरिकों पर हमला होने के चलते वन विभाग द्वारा इन क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। जिससे भविष्य में वनों से जंगली सूअर या अन्य हिंसक वन्यजीवों शहरी क्षेत्र में प्रवेश न करें। जिससे वन्यजीव मानव संघर्ष भी बढ़ सकता है तथा भारी जन हानि हो सकती है।

रामनगर पुलिस थाने की नई इमारत के निर्माण के चलते नाली बंद

नागरिकों के घर में घुसा पानी

नप प्रशासन इस गंभीर समस्या पर दे तत्काल ध्यान - पूर्व पार्षद मौसमी सोनछात्रा

बुलंद गोंदिया - गोंदिया शहर के रामनगर परिसर के प्रभाग क्रमांक 12 में रामनगर पुलिस थाने की नई इमारत का निर्माण शुरु है। उपरोक्त इमारत की बाउंड्री वॉल व कंपाउंड का निर्माण हो जाने से परिसर के गंदे पानी के निकासी की नाली बंद हो गई है। जिससे नाली का पानी व बारिश का पानी निकल नहीं पा रहा है। साथ ही पुलिस स्टेशन के सामने की नाली भी बंद करवा दी गई है। जिसके चलते आसपास के संपूर्ण परिसर में गंदा पानी जमा हो गया है। विशेषकर गुरुवार की रात व विगत कुछ दिनों से हो रही बारिश के चलते नागरिकों के घरों में पानी घुस गया व उनके घर की जीवन उपयोगी सामग्री उस गंदे पानी में तैरने लगी। इसकी जानकारी पूर्व पार्षद मौसमी चेतन्य सोनछात्रा को होने पर शुक्रवार की सुबह परिसर में पहुंचकर अग्निशमन दल की सहायता से वाटर पंप लगाकर परिसर का पानी निकाला गया। किंतु इस प्रकार की समस्या प्रतिदिन सामने आ रही है जिससे नागरिकों को भारी परेशानी हो रही है। इस गंभीर समस्या के संदर्भ में मौसमी सोनछात्रा ने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि इस गंभीर समस्या का जल्द से जल्द समाधान करें व पानी की निकासी की व्यवस्था को सुचारु करें। जिससे फिर से परिसर में नागरिकों को घरों में पानी भरने की समस्या निर्माण न हो।

शासकीय छात्रावास में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

बुलंद गोंदिया - गोंदिया जिले में सामाजिक न्याय विभाग के तहत 6 लड़कियों और 2 लड़कों के लिए ऐसे कुल 8 छात्रावास संचालित हैं। छात्रावास में छात्रों को नि:शुल्क आवास और भोजन तथा लड़कों को 500 रुपये प्रतिमाह और लड़कियों को 600 रुपये प्रतिमाह का निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाता है। साथ ही छाता, रेनकोट, गमबूट और स्टेशनरी भी प्रदान की जाती हैं। सरकारी छात्रावासों में प्रवेश की अंतिम तिथि स्कूल विभाग के लिए 15 जुलाई, जूनियर कॉलेज विभाग के लिए 30 जुलाई, गैर-व्यावसायिक विभाग के लिए 24 अगस्त और बिजनेस कॉलेज विभाग के लिए 30 सितंबर, 2022 है। शासकीय छात्रावास में प्रवेश के लिए अपेक्षित आवेदन पत्र सहायक आयुक्त, समाज कल्याण गोंदिया तथा संबंधित छात्रावास के कार्यवाहक द्वारा संपर्क किया जाना चाहिए।

संपादकीय

एहतियात की खुराक

देशव्यापी टीकाकरण ने कोरोना की रोकथाम में एक बड़ी भूमिका निभाई है।

इसमें संदेह नहीं कि फिलहाल कोरोना विषाणु के संक्रमण का जोर कम है, लेकिन रह-रह कर इसके बहुरुपों के फैलने की खबरें आती रहती हैं। अक्सर ऐसा हुआ है जब आम लोगों ने अपने स्तर पर लापरवाही बरती तो उसके नतीजे में संक्रमण के मामलों में तेजी आ गई। हालांकि इससे बचाव के लिए सरकार की ओर से किए गए तमाम उपायों के साथ-साथ देशव्यापी टीकाकरण ने कोरोना की रोकथाम में एक बड़ी भूमिका निभाई है, मगर बड़ी चुनौती यह है कि अगर इस महामारी से राहत के हालात को कायम रखना है तो उसके लिए हर स्तर पर चौकसी बनाए रखी जाए।

इस लिहाज से देखें तो सरकार ने टीकाकरण के मोर्चे पर ठोस नतीजे देने वाला काम किया है, जिसके तहत व्यापक पैमाने पर लोगों को टीके की दो खुराक लगाई गई। यह उपाय कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए पूर्व सावधानी के तौर पर उठाए गए अन्य कदमों के अलावा एक सबसे कारगर उपाय रहा। इसके बाद यह देखा गया कि देश भर में कोरोना के संक्रमण के मामलों में कमी आई।

अब सरकार ने घोषणा की है कि अठारह से उनसठ साल के आयुवर्ग वालों को एहतियाती खुराक दी जाएगी। इसकी खास बात यह है कि सरकार ने इस बार टीकों की खुराक मुफ्त देने का फैसला किया है। एहतियाती टीका देने का पचहत्तर दिनों का यह विशेष अभियान आज से शुरु होगा, जिसके तहत सरकारी केंद्रों पर अतिरिक्त खुराक लेने के लिए लोगों को कोई पैसा नहीं चुकाना होगा।

कोरोना विषाणु की अब तक जैसी प्रकृति देखी गई है, उसमें दुनिया भर के विशेषज्ञों ने यही बताया है कि इससे संक्रमित व्यक्ति के इलाज के दौरान जिस तरह की जटिलता देखी गई है, उसमें सबसे बेहतर यही है कि विषाणु के संक्रमण से बचाव के तरीके अपनाए जाएं। इसमें अन्य तरीकों के मुकाबले टीकाकरण को सबसे कारगर उपाय बताया गया है। यों शुरुआत में दो खुराक को कोरोना विषाणु के संक्रमण की रोकथाम के लिए पर्याप्त बताया गया था, लेकिन वक्त के साथ इसके बहुरुपों ने हालात को जटिल बनाया है। आज भी देश के कुछ हिस्सों में अचानक ही संक्रमण की रफ्तार में बढ़ोतरी हो जाती है।

शायद यही वजह है कि सरकार ने अब इसके टीकों की दो खुराक के बाद कोरोना पर काबू पाने के मकसद से एहतियाती खुराक को और विस्तारित रुप में देने का फैसला किया है। हालांकि इसकी शुरुआत पहले ही हो चुकी है और इसके लिए स्वास्थ्यकर्मियों से लेकर कई स्तर पर पात्र लोगों को अतिरिक्त खुराक दिया गया है, लेकिन अब तक आम लोगों के बीच इसे लेकर एक तरह की उदासीनता देखी गई है। जबकि पहले के दोनों निर्धारित खुराक लेने के लिए लोगों ने पर्याप्त उत्साह दिखाया था। हो सकता है कि इस बीच कोरोना विषाणु के संक्रमण की रयतार में कमी आने की वजह से लोग निश्चिंत होते दिखे।

यह भी संभव है कि लोगों के भीतर कुछ आशंकाएं पैदा हुई हों। वजह चाहे जो हो, इस तरह के हालात में सरकार पर यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि लोग किसी अभियान में भाग लेते हुए खुद को सुरक्षित महसूस करें। इसके मद्देनजर सरकार ने कई स्तर पर सावधानी के साथ इस अभियान को गति दी है और इसमें लोगों की हिस्सेदारी को उत्साहित करने के मकसद से अतिरिक्त खुराक के लिए कोई शुल्क नहीं लगाने का फैसला किया है। अब उम्मीद की जानी चाहिए कि एहतियाती खुराक लेने के प्रति भी लोग सजगता बरतेंगे और इस तरह महामारी को कमजोर करने के अभियान में भागीदारी निभाएंगे।

संत लहरी आश्रम, कामठा में गुरु पौर्णिमा सोल्लास संपन्न

बुलंद गोंदिया - गु याने अंधकार-अज्ञान, रु याने प्रकाश-ज्ञान मतलब जो अंधकार-अज्ञान सें हमें निकालकर प्रकाश याने ज्ञान की ओर लेजाता है वही सच्चा गुरु है, गुरु बिना ज्ञान नहीं इसलिये गुरु का स्थान हमारे जीवन मे बहोत महत्त्वपूर्ण है ऐसा प्रतिपादन प.पू. तुकडोजी बाबा ने गुरुपोर्णिमा निमित्त आयोजित कार्यक्रम मे प्रवचन करते वक्त किया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गुरुपोर्णिमा महोत्सव, श्री संत लहरी आश्रम संस्थान (मध्यकाशी) कामठा मे बडे ही हर्शोल्लास और आध्यात्मिक वातावरण मे हजारो श्रद्धालुओ के बीच मानाया गया। सुबह सें ही श्रद्धालु बड़ी संख्या में संत लहरी आश्रम संस्थान मे दर्शन हेतु कतारबद्ध थे, सभी भक्तो ने अपने गुरु श्री संत जैरामदास उर्फ लहरी बाबा के समाधी का दर्शन लिया एवं पूजा अर्चना की, वैसेही प.पू. तुकडोजी बाबा इनका दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

भक्तो ने संत लहरी आश्रम संस्थान मे स्थापित शिव मंदीर और माता भागीरथी के मंदीर मे भी दर्शन लिये। गुरुपोर्णिमा महोत्सव की शुरुवात कार्यकारी मंडल सदस्यो की उपस्थिती मे दीप-प्रज्वलन सें की गयी, उसके बाद संस्थान के अध्यक्ष गोपाल बाबा और माता सुशीलाबाई इनका स्वागत भूतपूर्व आमदार, राजुरा संजयजी धोटे व संध्या धोटे ने किया, प.पू. तुकडोजी बाबा इनका स्वागत संस्थान के कोषाध्यक्ष गोपाल मते द्वारा किया गया। एडवोकेट अनिल ठाकरे इन्होने संस्थान के सचिव के.बी. बावनथडे इनका स्वागत किया। महोत्सव के दरम्यान श्री गुणवंत जाधव (नागपूर), अजय पटले, दीपक कुन्दनानी, ओंकार दांडले (अमरावती) इन्होने संत लहारीबाबा द्वारा रचित भजनो का कर्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित भक्तो का दिल जीत लिया। इस उपलक्ष्य मे संजय धोटे, अनिल ठाकरे इन्होने भी आपना मनोगत व्यक्त किया। कार्यक्रम का उत्कृष्ट संचालन प्रा. अरविंद मते इन्होने किया।

कार्यक्रम के लिये कार्यकारी मंडल के सभी सदस्य और हजारो श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये श्री लहरी युवा मंच के सद्स्यो ने सहकार्य किया। महाप्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इसी कार्यक्रम मे गोपाल बाबा, अध्यक्ष, लहरी आश्रम कामठा इनके करकमलो द्वारा ब्रम्हानंद लहरी का विमोचन किया गया।

नासा : बेमिसाल उपलब्धि

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की ओर से जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप ने ब्रम्हांड के उन कोनों तक इंसान की पहुंच सुनिश्चित कर दी है, जहां तक पहुंचने के बारे में कुछ समय पहले तक सोचना भी मुमकिन नहीं था। यह सही है कि इन तस्वीरों में यूनिवर्स के वो हिस्से भी हैं, जो पहले भी तस्वीरों में कैद किए जा चुके हैं।

इंसानों ने एक और लंबी छलांग लगाई है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की ओर से जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप द्वारा ली गई ब्रम्हांड की ऐसी तस्वीरें मंगलवार को जारी की गई, जो अभूतपूर्व और चमत्कारिक हैं। इन तस्वीरों में न केवल बहुत छोटे सितारों का एक आकर्षक लैंडस्केप नजर आ रहा है, बल्कि फेनिल नीले और नारंगी रंगों वाला एक मरता हुआ तारा और आकाशीय नृत्य की मुद्रा में पांच आकाशगंगाएं भी मौजूद हैं। ऐसी सात तस्वीरों में और भी बहुत कुछ है। हर तस्वीर के हरेक हिस्से से ब्रम्हांड के रहस्यों की कोई न कोई गुत्थी झांक रही है। इन गुत्थियों को सुलझाने का काम वैज्ञानिक धीरे-धीरे करेंगे, लेकिन इतना तो स्पष्ट ही है कि जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप ने ब्रम्हांड के उन कोनों तक इंसान की पहुंच सुनिश्चित कर दी है, जहां तक पहुंचने के बारे में कुछ समय पहले तक सोचना भी मुमकिन नहीं था। हालांकि इन तस्वीरों में यूनिवर्स के वैसे हिस्से भी हैं, जो पहले के हबल टेलिस्कोप द्वारा कैद किए जा चुके हैं। मगर उन हिस्सों की भी जेम्स वेब द्वारा खींची गई तस्वीरें आश्चर्यजनक रुप में स्पष्ट हैं।

इस टेलिस्कोप की खूबी ही यह है कि यह सबसे हाई रिजॉल्यूशन वाली इन्फ्रारेड इमेज कैद करता है। इस वजह से जो हिस्से पहले कैमरे की पकड़ में नहीं आते थे, अब आ रहे हैं। इसी का परिणाम है कि अब हम इन तस्वीरों के जरिए ब्रम्हांड के शुरुआती दौर तक की यात्रा कर सकते हैं। यह ख्याल ही रोमांचित करने वाला है कि नासा की ओर से जारी तस्वीरों में हमें 13 अरब साल से भी पहले बने सितारों की चमक दिखाई दे रही है। बिग बैंग का वक्त 13.8 अरब साल पहले का माना जाता है। यानी हम ब्रम्हांड की उत्पत्ति के कुछ ही समय बाद तक का दृश्य देख पाए। मनुष्य तो छोड़िए पृथ्वी की उत्पत्ति भी महज चार अरब साल पुरानी बात है। अगर कल्पना और रोमांच की बात छोड़ दें तो ठोस वैज्ञानिक लिहाज से भी यह इतनी बड़ी बात है कि इसकी अहमियत और उसके संभावित नतीजों का ठीक-ठीक अंदाजा लगाने के लिए भी वक्त चाहिए। ब्रम्हांड की उत्पत्ति के रहस्यों को सुलझाने से लेकर, पृथ्वी से इतर जीवन की संभावनाओं की तलाश तक तमाम महत्वपूर्ण अभियानों को यह निर्णायक ढंग से प्रभावित करने वाला है। बहरहाल, इस मौके पर यह भी रेखांकित करते हुए चलना ठीक होगा कि इस मुहिम की अगुआई भले नासा कर रहा हो, यहां तक पहुंचने की इस यात्रा में न केवल यूरोपीय स्पेस एजेंसी और कनाडाई स्पेस एजेंसी का सक्रिय योगदान है बल्कि पूरी दुनिया की अंतरिक्षवेत्ता बिरादरी की प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष भूमिका इसमें रही है। इसीलिए यह मनुष्य मात्र की उपलब्धि है और इसीलिए आज इस पर इंसानियत फख्र कर रही है।

मेरी मां ही मेरी हिम्मत है

मेरे रुठ जाने पर वो प्यार से मुझे मनाती है
हां मेरी परेशानी पर जो खुद दुखी हो जाती है
जो भगवान से भी बड़ी है
सही बात यह 100 प्रतिशत है
मेरी मां ही मेरी हिम्मत है।
मुझे धूप लगने पर जो मेरे लिए छांव बनी
मेरे हार जाने पर जो मेरी जीत की राह बनी
जो है मेरी पूरी दुनिया
मेरी जुबां पर मां नाम की रट है
मेरी मां ही मेरी हिम्मत है

- हार्दिक जे. जीवानी

कारगिल विजय दिवस

कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत विजय हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है।

इतिहास

1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद भी कई दिन सैन्य संघर्ष होता रहा। इतिहास के मुताबित दोनों देशों द्वारा परमाणु परीक्षण के कारण तनाव और बढ़ गया था। स्थिति को शांत करने के लिए दोनों देशों ने फरवरी 1999 में लाहौर में घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए। जिसमें कश्मीर मुद्दे को द्विपक्षीय वार्ता द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से हल करने का वादा किया गया था। लेकिन पाकिस्तान ने अपने सैनिकों और अर्ध-सैनिक बलों को छिपाकर नियंत्रण रेखा के पार भेजने लगा और इस घुसपैठ का नाम ऑपरेशन बद्र रखा था। इसका मुख्य उद्देश्य कश्मीर और लद्दाख के बीच की कड़ी को तोड़ना और भारतीय सेना को सियाचिन ग्लेशियर से हटाना था। पाकिस्तान यह भी मानता है कि इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार के तनाव से कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बनाने में मदद मिलेगी।

प्रारम्भ में इसे घुसपैठ मान लिया था और दावा किया गया कि इन्हें कुछ ही दिनों में बाहर कर दिया जाएगा। लेकिन नियंत्रण रेखा में खोज के बाद और इन घुसपैठियों के नियोजित रणनीति में अंतर का पता चलने के बाद भारतीय सेना को अहसास हो गया कि हमले की योजना बहुत बड़े पैमाने पर किया गया है। इसके बाद भारत सरकार ने ऑपरेशन विजय नाम से 200000 सैनिकों को भेजा। यह युद्ध आधिकारिक रुप से 26 जुलाई 1999 को समाप्त हुआ। इस युद्ध के दौरान 550 सैनिकों ने अपने जीवन का बलिदान दिया और 1400 के करीब घायल हुए थे।

कारगिल युद्ध

कारगिल युद्ध, जिसे ऑपरेशन विजय के नाम से भी जाना जाता है, भारत और पाकिस्तान के बीच मई और जुलाई 1999 के बीच कश्मीर के करगिल जिले में हुए सशस्त्र संघर्ष का नाम है।

पाकिस्तान की सेना और कश्मीरी उग्रवादियों ने भारत और पाकिस्तान के बीच की नियंत्रण रेखा पार करके भारत की ज़मीन पर कब्ज़ा करने की कोशिश की। पाकिस्तान ने दावा किया कि लड़ने वाले सभी कश्मीरी उग्रवादी हैं, लेकिन युद्ध में बरामद हुए दस्तावेज़ों और पाकिस्तानी नेताओं के बयानों से साबित हुआ कि पाकिस्तान की सेना प्रत्यक्ष रुप में इस युद्ध में शामिल थी। लगभग 30000 भारतीय सैनिक और करीब 5000 घुसपैठिए इस युद्ध में शामिल थे। भारतीय सेना और वायुसेना ने पाकिस्तान के कब्ज़े वाली जगहों पर हमला किया और धीरे-धीरे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से पाकिस्तान को सीमा पार वापिस जाने को मजबूर किया। यह युद्ध ऊँचाई वाले इलाके पर हुआ और दोनों देशों की सेनाओं को लड़ने में काफ़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। परमाणु बम बनाने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ यह पहला सशस्त्र संघर्ष था। भारत ने कारगिल युद्ध जीता।

परिणाम

पाकिस्तान में इस युद्ध के कारण राजनैतिक और आर्थिक अस्थिरता बढ़ गई और नवाज़ शरीफ़ की सरकार को हटाकर परवेज़ मुशर्रफ़ राष्ट्रपति बन गए। दूसरी ओर भारत में इस युद्ध के दौरान देशप्रेम का उबाल देखने को मिला और भारत की अर्थव्यवस्था को काफ़ी मजबूती मिली। भारतीय सरकार ने रक्षा बजट और बढ़ाया। इस युद्ध से प्रेरणा लेकर कई फ़िल्में बनीं जिनमें एलओसी कारगिल, लक्ष्य और धूप मुख्य हैं।

कारण

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और सेना प्रमुख जहांगीर करामात के बीच 1998 के करीब, मतभेद बढ गये थे। करामात की सेवानिवृत्ति के पश्चात किसे सेना प्रमुख बनाया जाय इस बात पर भी बहस चल रही थी। नवाज़ शरीफ ने एक आमसभा में अपने ऊपर की गई टीका-टिप्पणी से गुस्सा होकर करामात ने सेना प्रमुख पद से इस्तिफा दे दिया। नवाज शरीफ ने जनरल परवेज़ मुशर्रफ को सेना प्रमुख के पद पर नियुक्त किया।

भारतीय सेना को नुकसान

26 जुलाई 1999 को भारत ने कारगिल युद्ध में विजय हासिल की थी। इस दिन को हर वर्ष विजय दिवस के रुप में मनाया जाता है। करीब दो महीने तक चला कारगिल युद्ध भारतीय सेना के साहस और जांबाजी का ऐसा उदाहरण है जिस पर हर भारतीय देशवासी को गर्व होना चाहिए। करीब 18 हजार फीट की ऊँचाई पर कारगिल में लड़ी गई इस जंग में देश ने लगभग 527 से ज्यादा वीर योद्धाओं को खोया था वहीं 1300 से ज्यादा घायल हुए थे। युद्ध में 2700 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और 250 पाकिस्तानी सैनिक जंग छोड़ के भाग गए।

युद्ध की शुरुआत

वैसे तो पाकिस्तान ने इस युद्ध की शुरुआत 3 मई 1999 को ही कर दी थी जब उसने कारगिल की ऊँची पहाड़ियों पर 5000 सैनिकों के साथ घुसपैठ कर कब्जा जमा लिया था। इस बात की जानकारी जब भारत सरकार को मिली तो सेना ने पाक सैनिकों को खदेड़ने के लिए ऑपरेशन विजय चलाया।

लड़ाकू अस्त्रों का प्रयोग

भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के खिलाफ मिग-27 और मिग-29 का भी इस्तेमाल किया। इसके बाद जहाँ भी पाकिस्तान ने कब्जा किया था वहाँ बम गिराए गए। इसके अलावा मिग-29 की सहायता से पाकिस्तान के कई ठिकानों पर आर-77 मिसाइलों से हमला किया गया।

इस युद्ध में बड़ी संख्या में रॉकेट और बमों का इस्तेमाल किया गया। इस दौरान करीब 2,50,000 गोले दागे गए। वहीं 5,000 बम फायर करने के लिए 300 से ज्यादा मोर्टार, तोपों और रॉकेटों का इस्तेमाल किया गया। युद्ध के 17 दिनों में हर रोज प्रति मिनट में एक राउंड फायर किया गया। यह ऐसा युद्ध था जिसमें दुश्मन देश की सेना पर इतनी बड़ी संख्या में बमबारी की गई थी।

घटनाक्रम

3 मई 1999 : एक चरवाहे ने भारतीय सेना को कारगिल में पाकिस्तान सेना के घुसपैठ कर कब्जा जमा लेने की सूचना दी।

5 मई : भारतीय सेना की पेट्रोलिंग टीम जानकारी लेने कारगिल पहुँची तो पाकिस्तानी सेना ने उन्हें पकड़ लिया और उनमें से 5 की हत्या कर दी।

9 मई : पाकिस्तानियों की गोलाबारी से भारतीय सेना का कारगिल में मौजूद गोला बारुद का स्टोर नष्ट हो गया।

10 मई : पहली बार लदाख का प्रवेश द्वार यानी द्रास, काकसार और मुश्कोह सेक्टर में पाकिस्तानी घुसपैठियों को देखा गया।

26 मई : भारतीय वायुसेना को कार्यवाही के लिए आदेश दिया गया।

27 मई : कार्यवाही में भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के खिलाफ मिग-27 और मिग-29 का भी इस्तेमाल किया।

26 जुलाई : कारगिल युद्ध आधिकारिक तौर पर समाप्त हो गया। भारतीय सेना ने पाकिस्तानी घुसपैठियों के पूर्ण निष्कासन की घोषणा की।

श्रावण मास

हिंदू धर्म के पवित्र व्रतों में से एक सावन का महीना माना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, श्रावण मास का प्रारंभ आषाढ़ पूर्णिमा के साथ होता है। भगवान शिव को समर्पित इस माह में भोलेनाथ की विधि-विधान से पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस माह में भोलेनाथ की पूजा करने से सभी कष्टों से छुटकारा मिल जाता है। सावन के दौरान रुद्राभिषेक का भीअपना एक महत्व है। सावन मास भगवान शिव की आराधना के लिए सबसे उत्तम माह माना जाता है। शिव पुराण के अनुसार, जो व्यक्ति सावन माह में सोमवार का व्रत रखता है उसकी हर मनोकामना भगवान शिव पूरी कर देते हैं। जानिए साल 2022 में कब से शुरु होगेासावन का पवित्र माह।

कब से शुरु हो रहा सावन 2022

ज्योतिषियों के अनुसार, सावन माह 14 जुलाई 2022 से शुरु हो रहा है जोकि 12 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा के साथ समाप्त होगा। बता दें कि सावन का पहला सोमवार 18 जुलाई को पड़ रहा है और अंतिम सावन 12 अगस्त को पड़ रहा है।

सावन सोमवार की तिथियां

14 जुलाई, गुरुवार - श्रावण मास का पहला दिन
18 जुलाई, सोमवार - पहला सावन सोमवार व्रत
25 जुलाई, सोमवार - दूसरा सावन सोमवार व्रत
01 अगस्त, सोमवार - तिसरा सावन सोमवार व्रत
08 अगस्त, सोमवार - चौथा सावन सोमवार व्रत
12 अगस्त, शुक्रवार - श्रावण मास का अंतिम दिन

सावन का महत्व

हिंदू पंचांग के अनुसार श्रावण मास को 5वां महीना माना जाता है। शिव पुराण के अनुसार भगवान भोलेनाथ ने स्वयं ही इस मास में पड़ने वाले सावन के बारे में बताया है।

द्वादशस्वपि मासेषु श्रावणो मेऽतिवल्लभ:।
श्रवणार्हं यन्माहात्म्यं तेनासौ श्रवणो मत:।।
श्रवणर्क्षं पौर्णमास्यां ततोऽपि श्रावणरु स्मृत:।
यस्य श्रवणमात्रेण सिद्धिद: श्रावणोऽप्यत:।।

अर्थात मासों में श्रावण मुझे अत्यंत प्रिय है। इसका माहात्म्य सुनने योग्य है अत: इसे श्रावण कहा जाता है। इस मास में श्रवण नक्षत्र युक्त पूर्णिमा होती है इस कारण भी इसे श्रावण कहा जाता है। इसके माहात्म्य के श्रवण मात्र से यह सिद्धि प्रदान करने वाला है, इसलिए भी यह श्रावण संज्ञा वाला है।

हिंदू पंचांग के अनुसार पांचवा महीना श्रावण मास भोलेनाथ की भक्ति के लिए बहुत उत्तम माना गया है। इसके अलावा सावन मास के दौरान रुद्राभिषेक को भी बहुत खास बताया गया है। साथ ही शिव पुराण के मुताबिक भगवान शिव ने खुद इस मास में पड़ने वाले सावन के बारे में बताया है। शिव पुराण के अनुसार जो व्यक्ति श्रावण या सावन माह में सोमवार का व्रत रखता है और शिवजी को पूजता है, भगवान शिव उसकी हर मनोकामना पूरी करते हैं।

किसानों को कर्ज नहीं देने वाले बैंकों के खिलाफ करें मामले दर्ज - विधायक विनोद अग्रवाल

उपविभागीयी कार्यालय की सभा में बैंकों को जुलाई के अंत तक किसानों को कर्ज वितरण निर्देश

बुलंद गोंदिया - बारिश की शुरुवात हो चुकी है और किसानों ने धान फसल की रोपाई शुरु कर दी है। एक तरफ भारी बारिश से किसानो को नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। विधायक विनोद अग्रवाल ने ऐसे कई किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए उपविभागीय कार्यालय में सभा ली। उक्त सभा में बैंक के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

<u>बैंक को मिले टारगेट में से इतना कर्ज हुआ वाटप</u>

को-ओपरेटिव बैंक को 38.95 लाख रुपये का लक्ष्य दिया गया है, जिसमें से उसने केवल 17.36 लाख रुपये ही वितरित किए हैं। ग्रामीण बैंक का लक्ष्य 700.42 लाख रुपये का वितरण करना है, जिसमें से 500 लाख रुपये वितरित किए गये हैं और शेष जुलाई में लक्ष्य को पूरा कर लेंगे, प्रतिनिधि ने कहा। पंजाब नेशनल बैंक को 2.85 करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया गया है, जिसमें से केवल 20 प्रतिशत का ही भुगतान किया गया है। बैंक ऑफ बड़ौदा को दिए गए 5 करोड़ रुपये के लक्ष्य में से 85 लाख रुपये का ही भुगतान किया गया है। अन्य लक्ष्यों को अगले सप्ताह हासिल करने की गारंटी है। आईडीबीआई बैंक को 1.73 लाख रुपये का लक्ष्य दिया गया है, जिसमें से 52 लाख रुपये का वितरण किया जा चुका है। साथ ही इंडियन ओवरसीज बैंक ने 60 लाख में से 11 लाख पूरे कर लिए हैं। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक, केनरा बैंक के प्रतिनिधि इस समय मौजूद नहीं थे।

<u>सरकार की नीति का करें पालन, फसल क्रृण वितरण नहीं किया तो होगा आंदोलन</u>

